Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 07-03-2006
Participants : Khan Shri Sunil,Singh Shri Ganesh

an>

Title : Need to set up a new National Rural Bank for the development of rural areas in the country.

श्री गणेश सिंह (सतना) : उपाध्यक्ष महोदय, केंद्र सरकार देश में एक नए राट्रीय ग्रामीण बैंक का गठन करे, इस मांग को लेकर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे लगभग 196 ग्रामीण बैंकों के लगभग हजारों कर्मचारी आज दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें मध्य प्रदेश के ग्रामीण बैंकों में काम कर रहे कर्मचारी शामिल हैं। यह सही है कि राट्रीयकृत बैंकों तथा ग्रामीण बैंको में कार्यरत कर्मचारियों की सुविधाओं में जमीन आसमान का अंतर है जबकि कार्य दोनों बैंकों का एक जैसा ही है। एन.आई.टी. एवं सर्वोच्च न्यायायल के अनुसार आठवें द्विपक्षी वेतन समझौते का लाभ ग्रामीण बैंकों के कर्मचारियों को भी दिया जाना चाहिए लेकिन उसका पालन आज तक नहीं हुआ है। इसी तरह कर्मचारियों को पेंशन का लाभ मिलना चाहिए लेकिन इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में इन बैंकों के माध्यम से ग्रामीण विकास के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लम्बे समय से देश में एक राट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के ि वकास की जो योजनाएं बनायी गई है उनका सफलतापूर्वक क्रियान्वयन राट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए नए राट्रीय ग्रामीण बैंक का गठन किया जाए, मेरी यह मांग है।

SHRI SUNIL KHAN (DURGAPUR): Sir, I associate with him.